प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

रांची के लोक भवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता ने झारखंड के नए लोकायुक्त के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार के खिलाफ न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया।

****

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 18वें सिविल सेवा दिवस पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए सत्यनिष्ठा और अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

****

रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज एक विशेष समारोह आयोजित किया गया है, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नवनियुक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों और पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद हैं। इस कदम से राज्य में महिला एवं बाल विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

****

पलामू के नवनियुक्त उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने आज पांकी स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हुए कड़ी मेहनत का संदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने स्कूल बैग की गुणवत्ता जांची और स्वयं छात्राओं के बीच उनका वितरण किया।

****

राजधानी रांची के पंडरा इलाके में आज सुबह अपराधियों ने जमीन कारोबारी भार्गव सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। पैदल आए अपराधियों ने ओटीसी मैदान के पास वारदात को अंजाम दिया। मौके पर पहुंचे सांसद संजय सेठ ने घटना की निंदा करते हुए इसे पुलिसिंग की विफलता बताया और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

****

चतरा में रोजगार सेवक राजेश शर्मा की मौत मामले में पुलिस ने खुलासा किया है कि यह हत्या नहीं बल्कि एक सड़क दुर्घटना थी। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, पिकअप वाहन से गिरकर उनकी जान गई। इधर, विधायक जनार्दन पासवान ने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

****

झारखंड समेत देशभर में इस साल कमजोर मानसून और भीषण गर्मी का संकट मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून की बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि प्रशांत महासागर में अल नीनो के विकसित होने से मानसूनी हवाएं कमजोर पड़ सकती हैं, जिससे हीटवेव के दिन बढ़ेंगे और कृषि पर असर पड़ सकता है।

****

इस बीच मौसम विभाग ने रांची और जमशेदपुर समेत 13 जिलों में आंधी–बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 40 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की संभावना है, जिससे गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

****

चाईबासा में जारी अंडर–19 महिला क्रिकेट में देवघर ने जमशेदपुर को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच पूर्णिमा कुमारी के शानदार 73 रनों की मदद से देवघर ने यह जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में सरायकेला ने कोडरमा को 6 विकेट से हराया। कल क्वार्टर फाइनल में जमशेदपुर का सामना गुमला से और देवघर का सिमडेगा से होगा।

********समाप्त************